# मोहयाल मित्र

सर्वे भवंतु सुखिनः। सर्वे संतु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित् दुःखभागभवेत्ः।।

## शिव पूजन में आवश्यक बातें

भगवान शिव को कौन सी चीज चढ़ाने से क्या फल मिलता है–

1. भगवान शिव को चावल चढ़ाने से धन की प्राप्ति होती है।
2. तिल चढ़ाने से पापों का नाश।
3. जौ अर्पित करने से सुख में वृद्धि।
4. गेहूँ चढ़ाने से सन्तान वृद्धि।
5. ज्वर होने पर भगवान शिव पर जल की धारा चढ़ाऐं। सुख व संतान वृद्धि के लिए भी उत्तम हैं।
6. नपुंसक व्यक्ति शुद्ध घी से अभिषेक करें, ब्राह्मणों को भोजन कराऐं व सोमवार का व्रत करें। समस्या का समाधान संभव हैं।
7. तेज दिमाग के लिए शक्कर मिश्रित दूध चढ़ाऐं।
8. सुगन्धित तेल चढ़ाने से समृद्धि में वृद्धि होती हैं।
9. गन्ने का रस चढ़ाने से सभी आनन्द में वृद्धि।
10. गंगाजल चढ़ाने से भोग व मोक्ष दोनों की प्राप्ति।
11. मधु (शहद) से अभिषेक, टी.बी. में आराम।
12. लाल व सफ़ेद आकड़े के फूल से भोग व मोक्ष प्राप्ति।
13. चमेली के फूल से वाहन प्राप्ति।
14. शमी पत्रों से पूजन, मोक्ष की प्राप्ति।
15. बेला के फूलों से सुन्दर व सुशील पत्नी।
16. जूही के फूलों से घर में अन्न की कमी नहीं होती।
17. कनेर के फूलों से नए वस्त्रों की प्राप्ति।
18. धतूरें के फूलों से सुयोग पुत्र की प्राप्ति।
    लाल डंठल वाला धतूरा फूल अच्छा होता है।

*लेखकः **विरेन्द्र छिब्बर,** ज्योतिष आचार्य EA-94, इन्द्रपुरी, नई दिल्ली 110012, मो. 9818094655*

# ऋषि कौशल्य

कौशल प्रदेश में जन्म लेने के कारण इस ऋषि का नाम 'कौशल्य' पड़ा। इनका वास्तविक नाम ''वशिष्ठ कौशल्य'' था। यह ऋषि मनु के मानस पुत्र वशिष्ठ से भिन्न हैं।

श्री रामचन्द्र ईक्ष्वाकु वंश के 65वें सम्राट हुए हैं। उनकी 20वीं पीढ़ी में राजा हिरण्यनाम हुए हैं। उनके पुत्र ऋषि वशिष्ठ प्रसिद्ध आचार्य हुए हैं। वायु पुराण (8.207) के अनुसार उन्होंने जैमिनी ऋषि से अनेक वैदिक संहिताओं का ज्ञान प्राप्त किया और याज्ञवल्क्य आदि शिषयों को यह ज्ञान दिया।

इक्ष्वाकु वंश के पुरोहित 'वशिष्ठ ऋषि' से भिन्न पहचान बनाने के लिए उन्हें 'कौशल्य' उपनाम दिया गया। ऋषि वशिष्ठ कौशल्य के वंश में 'ब्रह्मवल' नामक ऋषि हुए हैं। ब्रह्मबल और याज्ञवल्क्य दोनों 'वशिष्ठ कौशल्य' के गोत्र कार ऋषि हैं। इनका एक ही प्रवर 'वशिष्ठ' है। जबकि इक्ष्वाकु वंश के पुरोहित महर्षि वशिष्ठ के वंशज या गोत्रकारों के तीन, तीन प्रवर हैं।

ऋषि 'ब्रह्मबल' से ही कालान्तर में 'बम्मवाल' या 'भिमवाल' विकसित हुआ। कौशल्य ऋषि मरीचि और अगस्त के वंशजों में भी हैं, परन्तु उन ऋषियों के ऐसा कोई ऋषि नहीं हुआ, जिससे 'बमबाल, भिमवाल' नाम विकसित हुआ हो। अतः मोहयाल उपजाति 'बम्मवाल' या 'भिमवाल' का उद्गम 'वशिष्ठ कौशल्य' को मानना युक्ति संगत है।

# राजा पोरस

कुछ मोहयाल लेखक राजा पोरस को अपना पूर्वज अर्थात् मोहयाल मानते हैं। प्राचीन भारतीय इतिहास के विद्वानों के अनुसार राजा पोरस कौरवों–पाण्डवों के वंशज थे। संस्कृति साहित्य में 'पुरु, पोरव, पुरस' आदि हस्तिनापुर के क्षत्रिय राजाओं के नाम थे। महाभारत युद्ध में भाग लेने वाले कौरवों–पाण्डवों के ''कुरु, कौर्व, पुरु, पौरव'', आदि नाम बार–बार संस्कृति साहित्य में आए हैं।

डॉ. मेहता वशिष्ठ देव मोहन तथा अन्य विद्वानों के अनुसार प्राचीन भारतीय साहित्य में 'पोरस–सिकन्दर' युद्ध का कहीं उल्लेख नहीं है। सिकन्दर द्वारा भारत–भूमि पर आकक्रमण इतनी महान घटना नहीं थी कि प्राचीन भारतीय इतिहासकार उसे रिकार्ड करते। तथ्य यह है कि सिकन्दर ने भारत के सीमान्त राज्य पर आक्रमण किया और बुरी तरह पराजित होकर घायल हुआ लौट गया।

पोरस का राज्य 'जेहलम–चनाब द्वाब' में था। यूनानी इतिहासकारों ने सिकन्दर को 'विश्व विजेता' दिखाने के लिए यह इतिहास लिखा कि सिकन्दर ने पोरस का जीता हुआ क्षेत्र उससे लौटा दिया और उससे मित्रता कर ली। बाद के यूनानी इतिहासकारों–

Arrean, Deodorus, Jastin, Peutarch, Stralo आदि ने वास्तविकता जान ली थी और सच्चा इतिहास भी लिखा।

मैं मोहयाल लेखक भाई–बहनों को परामर्श देना चाहती हूँ कि बिना शोध किए निर्णय नहीं लेना चाहिए कि अमुक महान् व्यक्ति 'मोहयाल ब्राह्मण' था। निःसन्देह हम उन विभूतियों का सम्मान करते हैं। हमें उन पर गर्व है। भारत के इतिहास में उनका नाम अमर है। ऐसे वीर योद्धाओं को बिरादरी की सीमा में बाँधना अनुचित है।

***लज्जा देवी मोहन***
*मो. 09671432717*

# प्रथम वैवाहिक सालगिरह पर बधाई



श्रीमती सुषमा बाली व शेर जंग बाली निवासी 30, रिसाल विहार, कांगन हेड़ी रोड़, छावला नई दिल्ली 110071 ने अपने पुत्र गौरव बाली व पुत्रवधू सलोनी दत्ता बाली (सुपुत्री श्रीमती नीता दत्ता व श्री अमरीक सिंह दत्ता, गाजियाबाद निवासी) के विवाह की प्रथम वर्षगांठ 22 जनवरी के सुअवसर पर पाँच सौ रुपए लोकल सभा व पाँच सौ रुपए जी.एम.एस. एजूकेशन फंड को दान दिए।

***शेर जंग बाली,*** *मो. 9871756765*

## ।। मोहयाल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ ।।

देश–विदेश के उन सभी मोहयाल विद्यार्थियों को जो दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाएँ दे रहे हैं उन्हें जनरल मोहयाल सभा की ओर से श्रेष्ठ अंक लाने के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ!

जनरल मोहयाल सभा सन् 2003 से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कृत और सम्मानित किया जाता है। आप श्रेष्ठ अंक लाकर अपना, परिवार और समाज का सिर ऊँचा करें।

***अशोक लव***
*संपादक (हिंदी) मोहयाल मित्र*


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com


# स्थानीय मोहयाल सभाओं की गतिविधियाँ

## बराड़ा

मोहयाल सभा बराड़ा की मासिक बैठक दिनाँक 03.02.2019 को सभा के प्रधान श्री हरदीप सिंह वैद की अध्यक्षता में गायत्री मंत्रोच्चारण व मोहयाली प्रार्थना के बाद प्रधान श्री हरदीप सिंह वैद के निवास स्थान पर सम्पन्न हुई। सभा के वित्त–सचिव श्री बलदेव सिंह दत्त ने पिछले माह की कार्यवाही पढ़कर सुनाई जिस पर सभी ने अपनी सहमति प्रकट की।

**स्वर्गीय श्री करतार नाथ दत्ता की तीसरी पुण्य-तिथि पर श्रद्धांजलि!**

स्वर्गीय श्री करतारनाथ दत्ता पुत्र स्व. श्री लालचन्द दत्ता



निवासी दोसड़का की तीसरी पुण्य–तिथि 14.03.2019 पर इनके सुपुत्र राजेश दत्ता, राजीव दत्ता, संजीव दत्ता, धर्मेन्द्र दत्ता ने 550 रुपए मोहयाल सभा बराड़ा व 550 रुपए जी.एम.एस. को दान दिए। पूरा दत्ता परिवार सगे सम्बन्धी परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें। ओम् शांति!

अन्त में सभा में आए हुए सभी सदस्यों ने श्री हरदीप सिंह वैद व परिवार का जलपान के लिए धन्यवाद किया।

***रविन्द्र छिब्बर,*** *सेक्रेटरी*
*मो. 9466273488*

## फरीदाबाद

मोहयाल सभा की मासिक बैठक 3 फरवरी 2019 को श्री रमेश दत्ता की अध्यक्षता में मोहयाल भवन में संपन्न हुई, जिसमें लगभग 30 भाई बहनों ने भाग लिया। मोहयाल प्रार्थना के उपरांत–

**शोकः** अनिल दत्ता व वीरेंद्र दत्ता, जिनके पिता कृपाराम दत्ता जिनका निधन 9 जनवरी को हुआ और श्री दिलीप सिंह दत्ता जिनको सभी 'जय मोहयाल' के नाम से जानते हैं और जो यमुनापार दिल्ली से काफी समय तक प्रधान रहे, उनका निधन 16 जनवरी 2019 को हुआ। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर प्रभु से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

रायज़ादा के.एस. बाली ने पिछले माह की रिपोर्ट पढ़कर सुनाई और सभी ने 27 जनवरी, वृंदावन की एक दिवसीय यात्रा के बारे में चर्चा की व अपने–अपने विचार रखे। सभी ने निशा दत्ता का आभार प्रकट किया जिन्होंने वृंदावन आते व जाते समय ''भजनों व अंताक्षरी'' द्वारा सभी का मनोरंजन किया।

इस मौके पर श्री मिथिलेश दत्ता ने 500 रुपए गुप्त दान के रूप में प्राप्त किए।

सोमवार को 'सोमवती अमावस्या' और 10 फरवरी के 'बसंत पंचमी' के उपलक्ष्य में श्रीमती बाला बाली, श्रीमती किरण मोहन, अंशु वैद व श्रीमती निशा दत्ता ने मधुर भजनों द्वारा सभी का मनोरंजन किया।

श्री रमेश दत्ता ने सभी को बताया कि जो ए.जी.एम. 10 फरवरी को होनी तय थी, वह अब 10 मार्च को होगी। जो भाई–बहन जाने के इच्छुक है वे हमें 3 मार्च तक अवगत करवा दें। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि जिन बहनों को पेंशन की सुविधा मिल रही है वे हर साल की तरह इस वर्ष भी अपना बैंक एकाउंट नंबर व फॉर्म भरकर जमा करवा दें ताकि उन्हें यह सुविधा आगे भी मिलती रहे। इसके साथ ही उन्होंने सभी का इतने ठंडे मौसम में भी सभा में पधारने पर धन्यवाद किया व बताया कि अगली मीटिंग 3 मार्च को मोहयाल भवन में ही होगी और सभी को मीटिंग में पधारने का आग्रह किया।

***रमेश दत्ता,*** *प्रधान* — *मो. 9212557095*
***रायज़ादा के.एस. बाली,*** *महासचिव* — *मो. 9899068573*

## आगरा

मोहयाल सभा आगरा की मासिक बैठक दिनांक 3 फरवरी 2019 को संयोजक श्री कामरान दत्ता के निवास स्थान 6–डिफेंस एस्टेट, आगरा पर सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वप्रथम श्री दलीप सिंह दत्ता (जय मोहयाल) जी के आकस्मिक निधन पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु दो मिनट का मौन रखकर परम पिता परमात्मा से उनकी आत्मा की शाँति एवं सद्गति की प्रार्थना की गई।

जी.एम.एस. अध्यक्ष श्री बी.डी. बाली जी, श्रीमती सुदेश मेहता व श्रीमती आशा मेहता के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की गई।

14 जनवरी को सम्पन्न हुई मकर संक्राति पर सबको बधाई दी। वृंदावन आश्रम (गोवर्धन) के सम्बन्ध में श्री कामरान ने सभी को बताया। सभा में श्री राजेश दत्ता, श्रीमती ममता जी, श्रीमती सुमन दत्ता, श्रीमती योगिता दत्ता, बेबी मोदक दत्ता,

कृष्णा उर्फ अथर्व, श्रीमती शिल्पी दत्ता, बेबी सारा दत्ता आदि लोगों ने अपने–अपने विचार लोहड़ी के गीत एवं भजन सुना कर समां रंगीन किया।

संयोजक महोदय ने बैठक में आए सदस्यों का स्वागत किया व सचिव श्री एस.पी. दत्ता ने श्री कामरान दत्ता व उनके परिवार को बैठक की सफलता के लिए धन्यवाद दिया। श्री कामरान दत्ता की माता श्रीमती सावित्री दत्ता ने उपस्थित सभी लोगों को आशीर्वाद प्रदान किया।

***एस.पी. दत्ता,*** *सचिव*
*मो. 9897455755*

## नजफगढ़

मोहयाल सभा नज़फगढ़ की मासिक बैठक 03.02.2019 को प्रधान श्री शेर जंग बाली की अध्यक्षता में श्री हर्ष दत्ता सचिव के निवास स्थान (दत्ता प्लाजा 22, ओल्ड रोशनपुरा नजफगढ़, नई दिल्ली 110043) में मोहयाल प्रार्थना व गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ आरम्भ हुई। जिसमें 19 भाई–बहनों ने भाग लिया। सभा के सचिव श्री हर्ष दत्ता ने पिछले माह की कार्यवाही पढ़कर सुनाई। वित्त सचिव श्री बलदेव राज दत्ता ने लेखा–जोखा पेश किया। जिसका सब सदस्यों ने अनुमोदन किया।

**शोक समाचारः** श्री अनिल कुमार छिब्बर की माता जी श्रीमती सुशील छिब्बर का स्वर्गवास 21 जनवरी 2019 को दिल्ली में हुआ। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री अनिल कुमार छिब्बर ने अपनी माता जी की याद में 500 रुपए लोकल सभा तथा 500 रुपए जी.एम.एस (मोहयाल आश्रम हरिद्वार) को दान दिए।

**शुभ समाचारः** श्री शेर जंग बाली ने अपने सुपुत्र गौरव बाली व सलोनी दत्ता बाली के विवाह की पहली वर्षगांठ के सुअवसर पर 500 रुपए लोकल सभा को तथा 500 रुपए जीएमएस (एजुकेशन फंड) को दान दिए। प्रधान ने सूचित किया की जरूरतमंद व विधवा बहनों को मिलने वाली आर्थिक सहायता के फार्म भर कर लोकल सभा में जमा करवा दें ताकि समय पर जी.एम.एस में जमा करवा सकें।

मोहयाल सभा नज़फगढ़ की अगली बैठक 3 मार्च 2019 को हर्ष दत्ता, सचिव के निवास स्थान (दत्ता प्लाजा, 22 ओल्ड रोशनपुरा, नजफगढ़, नई दिल्ली 110043) प्रातः 10:30 बजे होगी। सभी ने बढ़िया जलपान के लिए श्री हर्ष दत्ता, सचिव को धन्यवाद दिया। सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

***शेर जंग बाली,*** *प्रधान*
*मो. 9871756765*

***हर्ष दत्ता,*** *सचिव*
*मो. 9312174583*

## यमुनापार–दिल्ली

मोहयाल सभा यमुनापार दिल्ली की मासिक बैठक मोहयाल भवन (झील) के प्रांगण में मोहयाल प्रार्थना के साथ 3 फ़रवरी 2019 को प्रारम्भ हुई। 28 सदस्यों ने इसमें हिस्सा लिया। सैक्रेटरी संजीव बाली ने पिछले माह के मिनट्स पढ़कर सुनाए। सभी ने एकमत से अनुमोदन किया। सभा के सरपरस्त और महान मोहयाल चौधरी दलीप सिंह दत्ता जी का निधन 16 जनवरी को उनके निवास पर हो गया। सभा ने उनको श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा। सभी सदस्यों ने क्रम–अनुसार उन्हें अपने विचारों से याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। चौधरी दलीप सिंह दत्ता जैसे महान मोहयाल की कमी कभी भी पूरी नहीं की जा सकती। वे सदैव सदस्यों की यादों में रहेंगे। 26 जनवरी को स्व. चौधरी साहब का उठाला रस्म–पगड़ी के अवसर पर परिवार ने 2000 रुपए यमुनापार सभा को व 2000 रुपए की राशि जी.एम.एस को भेंट की।

जैसा कि पिछले माह यह निश्चित किया गया था कि मुख्य कार्यकारिणी अपने नए प्रधान के नाम पर विचार करेगी, ज्ञात हो कि प्रधान श्री सतीश बाली के निधन के उपरांत प्रधान पद रिक्त है। मुख्य कार्यकारिणी जिसमें श्री विनोद बाली, श्री श्याम सुंदर मोहन, श्री सी.पी. दत्ता, श्री अनिल वैद, श्री कुलभूषण छिब्बर और श्री संजीव बाली ने 26 जनवरी को बैठक करके चर्चा की। कार्यकारिणी के सदस्यों ने एकमत से सीनियर उपप्रधान श्री विनोद बाली को बाकी के कार्यकाल तक सभा का प्रधान चुना। वरिष्ठतम मोहयाल श्री सी.पी. दत्ता ने इसका प्रस्ताव सभा के सामने रखा और विस्तार से मीटिंग के बारे में जानकारी सभी के सामने रखी। सभी सदस्यों ने एकमत से मुख्य कार्यकारिणी के फैसले का स्वागत किया और श्री विनोद बाली को एकमत से अपना प्रधान चुना। सभी ने उनको बधाई दी।

विनोद बाली जी ने सबसे पहले स्वर्गीय श्री दलीप सिंह दत्ता जी को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा सभी सदस्यों का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वे स्व. श्री दलीप सिंह दत्ता जी के पुत्र श्री राजेश दत्ता से निवेदन करेंगे कि वे अपना कीमती समय सभा को दें। श्री मुकेश मोहन को ज्वाइंट कैशियर के पर आमंत्रित किया गया। उन्होंने पूरे कर्त्तव्य और निष्ठ से कार्य करने का आश्वासन दिया। प्रधान श्री विनोद बाली ने संजीव बाली को जी.एम.एस में सभा के प्रतिनिधि के तौर पर नियुक्त किया है। आगे भी और युवाओं को सभा से जोड़ने का प्रयास होगा।

श्री चन्द्रमोहन छिब्बर ने नवनिर्वाचित प्रधान जी को 15 अगस्त और दीपावली पर जानकारी बताई। जीवन में सभी प्रकार के कार्य साथ–साथ चलते रहते हैं। श्री अमितेश बाली के घर पुत्र हुआ है और आज 3 फरवरी को उनके पिता जी श्री हरीश


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

बाली का जन्मदिवस भी है उन्होंने सभा को 501 रुपए भेंट किए। श्री वी.एस. लौ, श्री इन्दर मोहन मेहता, श्री विनोद बाली, श्री उमेश बाली और संजीव बाली प्रमुख दानकर्ता रहे।

अंत में प्रधान विनोद बाली जी ने सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया।

***विनोद बाली,*** *प्रधान* *मो. 9871819500*

***संजीव बाली,*** *सचिव* *मो. 7678262318*

## जगाधरी वर्कशॉप

मोहयाल सभा जगाधरी वर्कशाप की मीटिंग प्रधान सतपाल दत्ता की अध्यक्षता में 3 फरवरी को मोहयाल प्रार्थना के साथ आरंभ हुई।

**शोम समाचारः** कृष्णा कालोनी यमुनानगर निवासी रविंद्र वैद का निधन हो गया। वे सभा के पूर्व कोषाध्यक्ष थे और काफी समय से बीमार चल रहे थे। शिवपुरी निवासी कृष्ण लाल मेहता भीमवाल लेबर कॉलोनी निवासी चुन्नीलाल दत्त का निधन हो गया। वे भी कुछ समय से बीमार थे। श्रीमती कांता बाली धर्मपत्नी स्वर्गीय गोपाल कृष्ण बाली का निधन हो गया। इनके निधन पर सभा के सभी सदस्यों ने दुःख प्रकट करते हुए दो मिनट का मौन रखा। उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्री चुन्नीलाल दत्ता के परिवार ने 100 रु. सभा को दान दिए। यमुनानगर निवासी अशोक मोहन ने अपनी धर्मपत्नी हरकेश कुमारी के निधन पर 500 रु. जीएमएस और 500 रु. लोकल सभा को दान स्वरूप दिए। वहीं यमुनानगर के कांसापुर रोड निवासी पुरुषोत्तम बाली के 10 फरवरी 2016 को निधन पर उनकी तीसरी पुण्यतिथि पर उनकी पत्नी शारदा रानी बाली ने 500 रु. जी.एम.एस को दान दिए। हरकेश कुमारी का 19 जनवरी 2019 को निधन हो गया था।

आए हुए सदस्यों की सदस्यता की पर्ची काटी गई तथा जी. एम.एस. सदस्यता के लिए भी कहा गया। विधवा पेंशन फ़ार्म भी भरने के लिए ड्यूटी लगाई गई ताकि समय रहते सभी फ़ार्म भरवा कर भेजे जा सकें। कुछ आजीवन सदस्य के फार्म भी भरे गए। कुछ नए विधवा पेंशन के फार्म भी भरे गए।

***सुरेंद्र मेहता छिब्बर,*** *महासचिव*
*मो. 9355310880*

## उत्तम नगर–नई दिल्ली

मोहयाल सभा उत्तम नगर की मासिक बैठक प्रधान एस.पी. वैद के निवास स्थान मनसा राम पार्क, उत्तम नगर में 3.02. 2019 को 16 सदस्यों की उपस्थिति में हुई। बैठक की जानकारी फ़ोन द्वारा और व्हाट्सप्प ग्रुप द्वारा सबको दे दी गई थी इसके बावजूद कई सदस्य इस बैठक में अनुपस्थित रहे। प्रधान द्वारा इस बार भी सबसे अनुरोध किया कि वे सब बैठक में अवश्य आया करें और बिरादरी और सभा की तरक्की के लिए अपने विचार और योगदान देते रहें।

प्रधान द्वारा बताया गया कि यमुनापार दिल्ली के दिलीप सिंह दत्ता जी का देहांत गत माह उनके निवास स्थान में हुआ और नज़फगढ़ से श्रीमती साधना बक्शी (पत्नी राकेश बक्शी) का निधन 28.01.2019 को उनके निवास स्थान, इंद्रा पार्क (नज़फगढ़) में हुई। सबने दो मिनट का मौन रखकर इनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

विनीत बक्शी ने जनवरी में रोहिणी सभा द्वारा आयोजित सिल्वर जुबली मीटिंग के सफल आयोजन की जानकारी दी।

सभा की अगली बैठक 03.03.2019 को विनीत बक्शी के निवास में रखी जाएगी।

***संजय बख्शी,*** *उपप्रधान*
*मो. 9811008335*

## स्त्री विंग मोहयाल सभा यमुनानगर

स्त्री मोहयाल सभा यमुनानगर की मासिक बैठक दिनांक 05.02. 2019 को सभा की प्रधान श्रीमती कमला दत्ता की अध्यक्षता में गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ श्रीमती वीना वैद के निवास स्थान पर सम्पन्न हुई मीटिंग में सभी बहनों ने भाग लिया।

**शोक समाचारः** स्वर्गीय श्रीमती कान्ता बाली पत्नी स्वर्गीय श्री सुभाष बाली का 4 जनवरी 2019 को आकस्मिक निधन हो गया। वे स्व. श्री विहारीलाल बाली और स्व. श्रीमती लीलावन्ती बाली की बड़ी पुत्रवधू थीं। उन्होंने सारा जीवन सादगी से गुजारते हुए परिवार और बिरादरी में सामाजिक रिश्तों को मजबूत बनाने का कार्य किया। वे अपने पीछे दो पुत्रों श्री पवन बाली और श्री रवि बाली और दो पुत्रियों को छोड़ गई हैं। भगवान उनकी आत्मा को शान्ति दें और परिवार को दुःख सहने की शक्ति दें। उनकी रस्म–क्रिया पर बाली परिवार की तरफ से स्त्री मोहयाल सभा यमुनानगर को 100 रुपए दान दिए।

मीटिंग में पिछली कार्यवाही पढ़कर सुनाई गई। सभी बहनों ने श्रीमती वीना वैद और श्री सुशील वैद के पुत्र पवन वैद और पुत्रवधु श्रीमती सोनिका वैद की शादी की दूसरी वर्षगांठ पर बधाई दी। इस मौके पर श्रीमती वीना वैद ने स्त्री मोहयाल सभा यमुनानगर को 251 रुपए दान दिए।

श्रीमती निशा मोहन, श्रीमती बाला मेहता, श्रीमती रेणु छिब्बर और श्रीमती अनिता बक्शी ने अपने–अपने विचार रखे।

अन्त में चाय–पान के बाद शांति पाठ के साथ मीटिंग संपन्न हुई। मीटिंग के आयोजन व चाय–पानी के लिए श्रीमती वीना वैद को सभी बहनों ने धन्यवाद दिया।

***श्रीमती परवीन बाली,*** *सेक्रेटरी*
*फोनः 01732–226799*

## प्रेमनगर–देहरादून

सभा की मासिक बैठक 27 जनवरी 2019 को श्री जे.एस. दत्ता कार्यवाहक प्रधान की अध्यक्षता में श्री गंगा प्रसाद वशिष्ठ कोषाध्यक्ष के निवास स्थान पैसेफिक एस्टेट, इन्दिरा नगर, देहरादून में आयोजित की गई। मोहयाल प्रार्थना के पश्चात सभा की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। श्री राजेश बाली, सचिव ने पिछले माह की कार्यवाही पढ़कर सुनाई। श्री गंगा प्रसाद वशिष्ठ कोषाध्यक्ष ने आय–व्यय का प्रस्तुत किया सभी ने उसका अनुमोदन किया।

श्री जे.एस. दत्ता ने आज की बैठक में सदस्यों की बहुत कम उपस्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। श्री राजेश बाली सचि ने बैठक में बताया कि सभा के सभी सदस्यों को वटस्प ग्रुप तथा एस.एम.एस. द्वारा उक्त बैठक की समय पर सूचना दी गई थी। श्रीमती नूतन वशिष्ठ ने सभी सदस्यों को दूरभाष द्वारा भी सूचना दी गई थी। श्री चेतन बाली द्वारा सुझाव दिया कि पोस्टकार्ड द्वारा लिखित में जैसा कि पूर्व में किया जाता था सभी सदस्यों को सूचना दी जाए इस सुझाव पर सभी सदस्यों ने अपने सहमति प्रदान की। श्री जे.एस. दत्ता ने बताया कि यदि डाकघर में पोस्टकार्ड की उपलब्धता होगी तो इसको दुबारा शुरु किया जा सकता है। श्रीमती संतोष बाली ने सुझाव दिया कि अप्रैल माह में सभा का स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जाए। श्री जे.एस. दत्ता जी ने बताया कि इस सुझाव पर अगली बैठक में विचार किया जाऐगा। बैठक में देहरादून सभा के प्रधान श्री राजेश मोहन तथा सदस्य श्री तरूण मोहन भी उपस्थित हुए।

अतः श्री जे.एस. दत्ता ने श्रीमती नूतन वशिष्ठ एवं गंगा प्रसाद वशिष्ठ को स्वादिष्ठ दोपहर के भोजन के आयोजन पर धन्यवाद दिया। तथा शांति पाठ के साथ बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

***जे.एस दत्ता,*** *कार्यवाहकप्रधान*
*मो. 8979777026*

***राजेश बाली,*** *सचिव*
*मो. 9758135583*

## रचनाएँ भेजते समय ध्यान दें

- रचनाएँ पोस्टकार्ड या छोटे–छोटे कागज के टुकड़ों पर लिखकर न भेजें। रिपोर्ट और रचनाएँ आदि साफ़ स्पष्ट और शुद्ध लिखें जिन्हें पढ़ा जा सके। ई–मेल से रचनाएँ टाइप करके ही भेजें।
- प्रत्येक रचना भेजने के पश्चात दो माह प्रतीक्षा करें। इसके पश्चात ही कार्यालय से पूछताछ करें।
- मोहयाल मित्र बिरादरी की धड़कन है, बिरादरी की शान है, परिवारों के सुख–दुःख का साथी है। इससे देश–विदेश में बसे मोहयालों के समाचार एक–दूसरे तक पहुँचते हैं। रिश्ते–नाते कराने का माध्यम है। जीएमएस द्वारा किए कार्यों और योजनाओं की जानकारी का साधन है। मोहयाल मित्र का वार्षिक शुल्क केवल 200 रु. हैं

## "उमंग 2019" रक्तदाता सम्मान समारोह में राजस्थान के कोटा में संजीव छिब्बर को मिला नेशनल अवार्ड

'शहर यमुनानगर हरियाणा के लिए गर्व की बात है कि रक्त की कमी से किसी के जान माल का नुकसान नहीं होने देंगे' कहने वाले



शहर के युवा ने रक्तदान के क्षेत्र में पूरे जिले का मान बढ़ाया है। रक्तदान के प्रति युवाओं को जागरुकता एवं प्रोत्साहित कर रक्तदान कराने वाले यमुनानगर की संस्था श्री ब्लड डोनर्स को सम्मानित किया गया जो यमुनानगर शहर वासियों के लिए गर्व की बात है। कोटा में यह सम्मान संस्था की तरफ से प्रधान संजीव छिब्बर ने लिया। संजीव छिब्बर ने कहा यह सम्मान उन सभी रक्त सैनिकों और रक्त वीरांगनाओं को समर्पित है जो 24 घंटे रक्तदान करने के लिए तत्पर रहते हैं इस सम्मान समारोह में 10 राज्यों के 400 रक्तदाताओं को मानव सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र एवं 320 रक्तदाताओं को मैडल देकर सम्मानित किया गया।

यह आयोजन "टीम रक्तदाता समूह", द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायिका चंद्रकांता मेघवाल ने की। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी श्री हिम्मत सिंह जी हाड़ा ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक दीपक भार्गव, सर्वोत्तम करियर इंस्टियूट के डायरेक्टर आशीष वाजपेई, श्री जी अस्पताल की डायरेक्टर नीता जिंदल, एस.एल. मीणी (एमबीबीएस ब्लड बैंक) रहे। शतक वीर सूबेदार मेजर सुरेश सैनी इंद्री (करनाल) को 125 बार रक्तदान और 90 बार प्लेटलेट्स दान करने पर विशेष तौर पर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, गुजरात, बिहार, मध्यप्रदेश समेत कई राज्यों की 30 से अधिक राष्ट्रीय संस्थाओं सम्मानित किया गया।

### रक्त वीर कमाते हैं दुआएँ

'श्री ब्लड डोनर्स संस्था' के अध्यक्ष संजीव छिब्बर ने कहा हम लोगों की दुआएँ कमाने के लिए जी रहे हैं। संस्था का एकमात्र उद्देश्य यह है कि किसी भी इंसान की रक्त न मिलने से मृत्यु ना हो। संस्था सम्पूर्ण भारत में रक्तदान के लिए प्रयास करती है ताकि समय पर मरीज़ को रक्त मिल सके। संजीव छिब्बर को 91 बार रक्तदान, दो बार प्लेटलेट्स डोनेट करने पर सम्मानित किया गया। संजीव छिब्बर ने बताया उनकी संस्था 2018 से 15 स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगा चुकी है जिसमें 715 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया और आपातकालीन स्थिति में 365 दिन 365 दिन रक्तदान अभियान के अंतर्गत 835 यूनिट जरूरतमंद मरीज़ों को उपलब्ध करवाया गया।


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

## स्वर्गीय श्री रमेशचन्द्र मेहता (भीमवाल) की सातवीं पुण्य-तिथि

दिनाँक 12.11.2018 को स्व श्री रमेशचन्द्र मेहता की सातवीं पुण्य तिथि उनके छोटे भाई मैहता विश्वामित्र भीमवाल ने अपने निवास स्थान अबोहर पंजाब में सुंदरकाण्ड का पाठ रिश्तेदारों के साथ तथा मन्दिर में जाकर पुजारी को फलाहार व दक्षिणा भेंट करके मनाई।



यू.एस.ए. एटलांटा में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती बिमला मेहता एवं सुपुत्री श्रीमती कानन मेहता एवं श्री आनंद वासुदेवन ने अपने निवास स्थान पर मित्रों एवं रिश्तेदारों के साथ कीर्तन आदि करके सातवीं पुण्य तिथि मनाई।

14.05.1929 को स्व. श्री रमेशचन्द्र मेहता का जन्म स्व. श्रीमती लाजवंती भीमवाल एवं स्व. मेहता नरनारायण भीमवाल, जिला जेहलम (पाक) उनके गाँव भंगर खेड़ा जिला फिरोजपुर (पंजाब) में हुआ। स्व. मेहता रमेशचन्द्र भीमवाल ने एजूकेशन विभाग में भारतीय सेना में चार पाँच वर्ष नौकरी की उसके बाद अबोहर (पंजाब) में सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल में स्कॉउट्स रहे। फिर उन्होंने भारत स्कॉउट्स के सहायक कमीशनर रहे। इसके बाद जब हरियाणा प्रान्त बना तो हरियाणा में भी स्कॉउट्स के कमीशनर रहे थे। उनको भारत के तीन राष्ट्रपतियों से अवार्ड मिला है। स्काउटिंग के लिए वे जापान, श्रीलंका आदि विदेश यात्राएं भी की है।

श्रीमती बिमला मैहता (धर्म पत्नी) ने जी.एम.एस के एजूकेशन फण्ड में 500 रुपए भेंट किए।

## स्वर्गीय श्रीमती सरला भीमवाल की नौवीं पुण्य-तिथि



मैहता विश्वामित्र भीमवाल ने अपने बड़े सुपुत्र मेहता नीरज भीमवाल व पुत्रवधु श्रीमती पूनम भीमाल, तथा पौत्री खुशी भीमवाल के साथ स्व. श्रीमती सरला भीमवाल की 9वीं पुण्य तिथि उनके निवास सीन अहमदाबाद (गुजरात) में 9.12. 2018 को घर पर सुंदरकाण्ड का पाठ करके तथा मन्दिर में जाकर पुजारी को फलाहार एवं दक्षिणा भेंट की। दोनों बेटे श्री धीरज भीमवाल पुत्रवधु श्रीमती सुमन भीमवाल पौत्र मास्टर ईशान भीमवाल एवं अयाना भीमवाल व तीसरे बेटे श्री विकास भीमवाल व श्रीमती तनु भीमवाल पौत्री जहानवी भीमवाल ने अपने–अपने निवास पर पंडितों को दक्षिणा भेंट कर श्रद्धांजलि दी। स्व श्रीमती सरला भीमवाल धर्मपत्नी मेहता विश्वामित्र भीमवाल तथा स्व. श्रीमती लाजवंती भीमवाल व स्व. मेहता नरनारायण भीमवाल करियाला जिला जेहलम (प. पाक) के निवासी की पुत्रवधु थी। स्व. श्रीमती सरला भीमवाल का जन्म 31.05.1946 को स्व. श्रीमती सत्या वैद एवं श्री रामरखामल वैद के घर जलालपुर जट्टान जिला गुजरात (पं.पाक) में हुआ।

भीमवाल परिवार ने इस मौके पर 500 रुपए जी.एम.एस के एजूकेशन फण्ड के लिए भेंट किए।


***मैहता विश्वामित्र भीमवाल,*** *प्रधान*
*मो.स. अबोहर (पंजाब), मो. 9780160085, 7696842614*

## स्वर्गीय श्री पुरुषोत्तम बाली की पुण्य-तिथि



श्री पुरुषोत्तम बाली का 10 फरवरी 2016 को निधन हो गया था। उनकी तीसरी पुण्यतिथि म.न. 17 राजीव गार्डन, कांड रोड यमुनानगर में उनकी पत्नी श्रीमती शारदा रानी बाली ने परिवार सहित उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रीमती शारदा रानी बाली ने उनकी याद में 501 रुपए दान स्वरूप भेंट किए।–***सुरेंद्र मेहता छिब्बर,*** *महासचिव जगाधरी वर्कशॉप, मो. 9355310880*

## एन.डी. दत्ता एजूकेशनल ट्रस्ट



जी.एम.एस. संस्था के आजीवन सदस्य मधुसूदन दत्ता ने अपने स्वर्गीय पिता श्री एन.डी. दत्ता के नाम पर ''एन.डी. दत्ता एजूकेशनल ट्रस्ट'' की शुरूआत जी.एम.एस. संस्था को 3100 रुपए की धनराशि देकर की है।

***मधुसूदन दत्ता,***
*निवासी–282, पॉकेट डी–6, सैक्टर–6, रोहिणी, दिल्ली 110085, मो. 9868871208*

## जनतन्त्र

खाना और बेकार की बातें
क्या दिन अपने क्या रातें
किताबों की दुकान आखिरी
वो भी आज बन्द हो गई।

कोल्हापुर का राजमहल
बात धरोहर की
खुशी नहीं थी चेहरों पर
चीज़ों पर थी धूल जमीं।

भटक रही महिलाऐं
गोद में बच्चे लेकर सड़कों पर
गाल फुलाए नेता करते
विश्वगुरु बनने की बातें।

मर कर भी नेता हावी हैं
जान पे अपनी
जनतन्त्र में लोगों ने
खो दी है पहचान ही अपनी।

किधर जा रहा देश हमारा
सोचे भी तो कोई
हमें लुभाती हल्की बातें
केवल जोकरों की ही।

***पूरनचंद बाली***
*सी 1606, ओबेराय स्पलेण्डर जे.वी.एल. रोड, जोगेश्वरी (पूर्व) मुंबई–400060, मो. 7506211774*

## इन्हें अजमाएँ

1. खड़े होकर पानी पीने से घुटनों का रोग होता है। पानी हमेशा बैठकर पीना चाहिए।
2. किसी प्रकार का दर्द हो, एक गिलास कोसा पानी पी लें।
3. संतरे के छिलके सुखाकर पाउडर बनाएँ। इसमें दूध मिलाकर पेस्ट बना लें। पाँवों पर पड़े धब्बों पर लगाकर सूखने दें। सूख जाने पर पोंछ दें। सप्ताह में तीन बार ऐसा करें। पैरों का कालापन–धब्बे मिट जाएँगे।
4. अनार के छिलके सुखा लें। पाउडर बनाकर दही मिलाएँ। सिर पर लगाएँ। बाल चमकदार मुलायम हो जाएँगे।
5. तनाव से बचने के लिए खूब हँसें। कुढ़ना छोड़ें। संगीत सुनें। जीवन का आनंद लें। निंदा करना छोड़ें। सबके कल्याण की कामना करें।

# गीता–सार

- क्यों व्यर्थ में चिन्ता करते हो? किससे व्यर्थ डरते हो? कौन तुम्हें मार सकता है? आत्मा न पैदा होती है, न मरती है।
- जो हुआ, वह अच्छा हुआ, जो हो रहा है, वह अच्छा हो रहा है। जो होगा, वह भी अच्छा ही होगा। तुम भूत का पश्चाताप न करो। भविष्य की चिन्ता न करो। वर्तमान चल रहा है।
- तुम्हारा क्या गया, जो तुम रोते हो? तुम क्या लाये थे, जो तुमने खो दिया? खाली हाथ आए, खाली हाथ चले गए। जो आज तुम्हारा है, कल किसी और का था, परसों किसी और का होगा। तुम इसे अपना समझकर खुश हो रहे हो। बस यही तुम्हारे दुःखों का कारण है।
- परिवर्तन ही संसार का नियम है। मेरा–तेरा, छोटा–बड़ा, अपना–पराया मन से मिटा दो, विचार से हटा दो, अब तुम सबके हो।
- न यह शरीर तुम्हारा है, न तुम शरीर के हो। यह अग्नि, जल, वायु, पृथ्वी, आकाश से बना है और इसी में मिल जायेगा। परन्तु आत्मा स्थिर है, तुम अपने आपको भगवान को अर्पित करो। यही सहारा है। जो इस सहारे को जानता है, वह भय, चिन्ता शोक से सर्वदा मुक्त हो जाता है। सब कुछ भगवान को अर्पण कर, तो तू जीवन मुक्त हो जाएगा।

## ।। मोहयाल प्रार्थना ।।

**ऊँ स्वस्ति। ऊँ परम पिता परमात्मा को हमारा प्रेमपूर्वक नमस्कार। ऊँ स्वस्ति। सभी सुखी हों। सब का कल्याण हो। सबका आपस में प्रेम हो। सब मिलकर अपने समाज की भलाई का विचार करें। सब उसी में अपना भला समझें जिसमें सबका भला हो, हित हो, लाभ हो। मन, वचन और कर्म से कोई दूसरे की हानि न करे। हम एक दूसरे के प्रति प्रेम भाव रखें। दूसरों की बातों को धैर्य और शांतिपूर्वक सुनें। अपनी बातें मधुर शब्दों में कहें। हम निःस्वार्थ भाव से अपने समाज की भलाई के लिए कार्य करें।**

**जय मोहयाल**


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com